रणजीत टाइम्स
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
इंदौर गुरुवार 19 फरवरी 2026 | Digital Edition | प्रधान संपादक : गोपाल बावड़े

पाकिस्तान को दोहरा झटका देने की तैयारी

# सिंधु के बाद अब रावी का भी पानी रोकेगा भारत

**नई दिल्ली।** सिंधु जल संधि को निलंबित करने के बाद अब भारत पाकिस्तान को दोहरा झटका देने की तैयारी में है। दरअसल भारत सरकार रावी नदी के भारत के हिस्से के जल को भी पाकिस्तान जाने से रोकने की योजना बना रही है। अगर ऐसा होता है तो गर्मी के मौसम में पाकिस्तान का जल संकट गहरा सकता है। शाहपुर कंडी बांध परियोजना लगभग पूरी हो चुकी है और यह परियोजना पाकिस्तान के लिए परेशानी खड़ी कर सकती है। दरअसल सिंधु जल संधि समझौते के निलंबित होने के बाद पंजाब-जम्मू कश्मीर की सीमा पर बन रहे शाहपुर कंडी बांध के काम में तेजी आई है और अब यह प्रोजेक्ट पूरा होने के करीब है। जम्मू कश्मीर के मंत्री जावेद अहमद राना ने यह जानकारी दी। राना ने ये भी कहा कि जब शाहपुर कंडी बांध का काम पूरा हो जाएगा तो उसकी मदद से रावी नदी के भारत के हिस्से के अतिरिक्त पानी को पाकिस्तान की तरफ बहने से भी रोका जा सकेगा। रावी नदी के रोके गए अतिरिक्त पानी को सूखा प्रभावित कठुआ और सांबा जिलों की तरफ डायवर्ट किया जा सकेगा। शाहपुर कंडी बांध का काम 31 मार्च तक पूरा हो सकता है। जावेद अहमद राना ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान को जाने वाला अतिरिक्त पानी रोका जाएगा और ये रोका भी जाना चाहिए। कठुआ और सांबा जिले सूखाग्रस्त है और ये प्रोजेक्ट हमारी प्राथमिकता है, जो कंडी इलाके में बनाया जा रहा है। अभी रावी नदी का भारत के हिस्से का पानी भी बहकर पाकिस्तान चला जाता है। अब शाहपुर कंडी बांध की मदद से इस पानी को रोककर इसे पंजाब और जम्मू कश्मीर के सूखाग्रस्त इलाकों को दिया जाएगा। शाहपुर कंडी बांध परियोजना की योजना साल 1979 में रावी नदी के भारत के हिस्से के पानी को पाकिस्तान जाने से रोकने के लिए बनाई गई थी। साल 1982 में इस बांध की आधारशिला पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने रखी। हालांकि पंजाब और जम्मू कश्मीर के बीच विवाद के चलते इसका निर्माण कार्य रुक गया।

# समृद्ध, सुखद और सम्पन्न मध्यप्रदेश के सपने को पूरा करेगा बजट 2026-27 : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ज्ञान आधारित विकास के संकल्प के साथ मध्यप्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के कल्याण के ज्ञान के संकल्प में हमारी सरकार ने अब इंडस्ट्री और इंफ्रास्ट्रक्चर के आई को भी शामिल किया है। वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश का यह बजट ज्ञानी के मार्गदर्शी सिद्धान्त पर तैयार किया गया है। जिसमें गरीब कल्याण, युवा शक्ति के कौशल विकास एवं रोज़गारोन्मुखी प्रशिक्षण, अन्नदाता की आय में वृद्धि, नारी सशक्तिकरण, आधारभूत सुविधाओं का विकास एवं प्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने का संकल्प है। वर्ष 2026-27 के 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ रुपए के बजट में विकास के लिए पर्याप्त धन राशि रखी गई है, यह विकास और जनकल्याण के संकल्प की पूर्ति का परिचायक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह बजट समृद्ध मध्यप्रदेश, सम्पन्न मध्यप्रदेश, सुखद मध्यप्रदेश, सांस्कृतिक मध्यप्रदेश के सपने को साकार करने वाला है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी प्रदेश की जनता पर किसी नए कर बोझ नहीं



डाला गया है। सुशासन और सुप्रबंधन के लिए निरंतर नवाचार और विकास के सभी पैमानों को पूरा करता यह बजट अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा में वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत होने के बाद यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने रोलिंग बजट को अपनाते हुए वार्षिक बजट को दीर्घकालिक दृष्टि से जोड़ा गया है। रोलिंग बजट प्रस्तुत करने वाला संभवतः मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य है। इस बजट से अगले तीन वर्ष के विकास का खाका खीचा जाएगा और यह बजट विकास के लिए सतत् रूप से पर्याप्त धन राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगा। यह बजट अमृतकाल 2047 के लिए विकास का पैमाना सिद्ध होगा। वर्ष 2026-27 में राज्य का सकल घरेलु उत्पाद 18 लाख 48 हजार 274 करोड़ रुपए अनुमानित है, जो वर्ष 2025-26 के अनुमान में 10.69 प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय में वर्ष 2024-25 की तुलना में वर्ष 2025-26 में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2026-27 में पूंजीगत परिव्यय राज्य के सकल घरेलु उत्पाद का 4.80 प्रतिशत अनुमानित है।

### प्रदेश के इतिहास में पहली बार अधोसंरचना विकास के लिए एक लाख करोड़ रूपए से अधिक का प्रावधान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार अधोसंरचना विकास में बजट अनुमान 2026-27 का पूंजीगत परिव्यय रुपये 1 लाख करोड़ रूपये से अधिक है। राज्य सरकार ने इन्फास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के समुचित प्रावधान किए हैं। प्रदेश के गठन के बाद पहली बार इतनी बड़ी राशि का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा फोकस सर्वस?पर्शी, समावेशी विकास, सुशासन, पर्यावरण, पर्यटन एवं सांस?कृतिक पुनर्उत?थान पर है। सभी क्षेत्रों में विकास के लिए पर्याप्त प्रावधान है। राज्य सरकार ने विकसित भारत के लक्ष्य के साथ समृद्ध मध्यप्रदेश -2047 के लक्ष्य तय किए हैं और यह बजट इसे पूर्ण करने की ओर प्रभावी कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना के लिए 21 हजार 630 करोड़ की स?वीकृति के बाद वित?तीय वर्ष 2026-27 के लिए रूपये 800 करोड़ का प्रावधान है। राज्य में क्षतिग्रस्त पुलों का पुर्ननिर्माण योजन में 4 हजार 572 करोड़ की स?वीकृति के बाद वित?तीय वर्ष 2026-27 के लिए रूपये 900 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

### एमडी ड्रग्स प्रकरण में फरार आरोपी गिर तार

**इंदौरर।** एमडी ड्रग्स के प्रकरण में फरार चल रहे एक आरोपी को इम ब्रांच ने गिर तार किया है। डीसीपी इम राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कुछ दिन पहले उनकी टीम ने कासिम नामक तस्कर को एमडी ड्रग्स के साथ गिर तार किया था। उसने पूछताछ में बताया था कि वह रिजवान पिता यूनुस अंसारी निवासी साउथ तोड़ा से ड्रग्स लेकर लोगों को सप्लाई करता है। इस पर इम ब्रांच ने उक्त केस में उसको भी फरारी में आरोपी बनाया था लेकिन वह घर से गायब था। इम ब्रांच की टीम ने उसे दबोच लिया। उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

### आशयर खड़े ट्रक से टकराई

**इंदौर।** क्षिप्रा थाना क्षेत्र के भोपाल-इंदौर बायपास पर एक आइशर गाड़ी खड़े ट्रक में जा घुसी। दुर्घटना में आइशर गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन उसका चालक बाल बाल बच गया। दोनों गाडियों के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उनके चालकों के बीच विवाद भी हो गया। उन्हें आसपास के लोगों ने शांत कराया और फिर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों गाड़ियों को थाने ले गई और आइशर चालक की शिकायत पर लापरवाहीपूर्वक ट्रक खडा करने वाले चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

### नोट- स्वदेश मेल पर नितिन ने चंदननगर नाम से फोटो भेजा है

**इंदौर।** प्लाट के नाम पर करोड़ों रूपए लेकर लोगों से ठगी करने वाले शातिर भूमाफिया ल बु को चंदननगर पुलिस ने गिर तार कर लिया है। उस पर धोखाधड़ी के कई प्रकरण पूर्व में भी दर्ज हैं। थाना प्रभौरी तिलक करोले ने बताया कि भूमोफिया फारूख उर्फ ल बु पिता नूर मोह मद निवासी चंदू वाला रोड द्वारा कई भोले भाले लोगों से प्लाट देने का लालच देकर उनसे रूपए ऐंठ लिए और फरार हो गया। उससे ठगाए फरियादी मुदस्सर नागौरी ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कराया था। प्रकरण दर्ज करने के बाद से पुलिस भूमाफिया ल बु की तलाश कर रही थी तभी पुलिस ने मुखरि की सूचना पर उसे गिर तार कर लिया। अब आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

### कार में आग


**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में पितृ पर्वत के पास एक कार में आग लग गई। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग बुझाई। घटना गिरनार परिसर में हुई। यहां रहने वाले गुरू चरण सिंह पिता मदन सिंह के मुताबिक घर के बाहर खड़ी कार में आग लग गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ढाई हजार लीटर पानी का उपयोग कर आग बुझाई। फरियादी गुरू चरण सिंह ने आशंका जताई है कि अज्ञात बदमाशों ने कार में आग लगाई है। एरोड्रम पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फिर आई कूनो से अच्छी खबर

# गामिनी ने दिया तीन शावकों को जन्म

**नई दिल्ली।**

मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता गामिनी ने बुधवार को तीन शावकों को जन्म दिया। खास बात यह है कि यह खुशखबरी चीतों के भारत आने के तीन साल पूरे होने के दिन सामने आई है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने एक्स पर इसकी जानकारी दी। यादव ने इस उपलब्धि को भारत के ऐतिहासिक संरक्षण अभियान की बड़ी सफलता बताया है। बता दें भारत आने के बाद मादा चीता गामिनी दूसरी बार मां बनी है। इन नए शावकों के जन्म के साथ भारत में शावकों की संख्या 27 हो गई है जो अभी जिंदा हैं। इसके साथ ही अब देश में चीतों की कुल आबादी 38 हो गई। बता दें बीते 10 दिन में यह दूसरा प्रसव है, जिनमें 8 शावकों ने जन्म लिया है। इससे



पहले 7 फरवरी को भी कूनो नेशनल पार्क में चीता परिवार में 5 शावकों का जन्म हुआ था। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि शावकों का जन्म प्रोजेक्ट चीता को मजबूती प्रदान कर रहा है। फील्ड स्टाफ और पशु चिकित्सकों की सतत निगरानी और समर्पण से यह सपना साकार हो रहा है।

शावकों के जन्म को लेकर मध्य प्रदेश के सीएम डा मोहन यादव ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर एक वीडियो शेयर कर लिखा- चीतों के पुनर्स्थापन का सशक्त केंद्र मध्यप्रदेशः अत्यंत हर्ष का विषय है कि प्रोजेक्ट चीता के अंतर्गत दक्षिण अफ्रीका से आई मादा चीता 'गामिनी' ने तीन शावकों को जन्म दिया है। श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में आए चीतों के तीन साल पूरे होने के साथ ही कूनो में यह 9वां सफल प्रसव है। भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर अब 38 हो गई है। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। कूनो नेशनल पार्क में चीतों की बढ़ती आबादी उनकी सतत निगरानी, वैज्ञानिक प्रबंधन और अथक परिश्रम के कारण यह संभव हो सकी है। कूनो में हो रहा यह सकारात्मक विकास भारत की जैव-विविधता संरक्षण यात्रा में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

### चलती ट्रेन में सीट देने के बहाने टीटीई ने केबिन में बुलाकर किया दुष्कर्म

**गोरखपुर।** गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेन में युवती से अश्लीलता, दुष्कर्म मामले में फरार टीटीई पर 10 हजार का इनाम घोषित किया है। गोरखपुर के एसपी रेलवे ने टेलीफोनिक बातचीत में बताया कि आरोपी टीटीई राहुल कुमार एनईआर के वाराणसी डिवीजन में तैनात है। उसको बर्खास्त करने के लिए विभाग को पत्र भेजा गया है। घटना के बाद से ही वह फरार है। जानकारी के मुताबिक अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस में टीटीई ने एक एनसीसी कैडेट युवती के साथ दुष्कर्म किया। युवती परीक्षा देने मऊ गई थी। लौटते समय भीड़ ज्यादा होने के कारण टिकट नहीं ले सकी, जिसके चलते वह एसी कोच में खड़ी थी। टीटीई उसे सीट दिलाने के बहाने केबिन में ले गया। इसके बाद युवती के साथ दुष्कर्म किया। एसपी जीआरपी ने बताया कि युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी की तलाश की जा रही है। घटना रविवार की बताई जा रही है। टीटीई ने टिकट बनाने और सीट देने के बहाने युवती को केबिन में बुलाया। पहले युवती के बारे पूछताछ की। फिर केबिन बंद कर अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने धमकी दी फिर युवती के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद युवती ने इसकी सूचना 112 पर दी तो टीटीई देवरिया में ट्रेन से उतर कर फरार हो गया।

# वेद वाक्य सत्यम् वदं प्रियम् वदं किसी साधना से कम नहीं है



जीवन में आसपास देखने पर हम पाते हैं कि हर सफल व्यक्ति अपनी मधुर वाणी और कोमल व्यवहार से ही जाना जाता है। व्यापार ही नहीं जीवन के हर क्षेत्र में मधुर और सच्चा व्यवहार एक चमत्कारिक औषधि की तरह काम करता है। मधुर व्यवहार से सभी हमारे अपने हो जाते हैं। मधुर वाणी व व्यवहार के बिना तो व्यापार की कल्पना तक करना बेकार है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सफलता प्राप्त करने के लिए मधुर व्यवहार सीखना चाहिए। लेकिन क्या मधुर व्यवहार सीखा जा सकता है? बिलकुल नहीं... बल्कि मधुर व्यवहार तो हमें अपने अंदर से पैदा करना होगा।

वेद वाक्य %सत्यम् वदं प्रियम् वदं% एक साधना से कम नहीं है। लोग सही बात को इतने कड़वे ढंग से बोलते हैं कि सुनने वाला तहस नहस हो जाता है और कहा ये जाता है कि हम तो सत्य बोल रहे हैं, और सत्य कड़वा ही होता है। पर यह सही नहीं। बात कड़वी है तो भी अभिव्यक्ति सरलता से, मधुर वाणी से हो तो प्रभाव अच्छा पड़ता है। तर्क यह भी होता है कि दवाई भी कड़वी होती है तभी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होती है। परंतु जीवन में लोगों को सत्यवचन भी मधुरता के साथ कहने चाहिए नहीं तो उसका उल्टा असर होता है। सामने वाला व्यक्ति आपको समझे यह जरुरी नहीं वो दुश्मन तक बन जाता है।

कहते हैं कि जीवन में चेहरे की खूबसूरती की भूमिका मात्र दस प्रतिशत होती है, पर वाणी की खूबसूरती की भूमिका नब्बे प्रतिशत होती है। इसलिए शब्दों को संभालकर बोलने की कला स्वंय में जागृत करें। शब्द मात्र शब्द ही नहीं होते मंत्र सम होते हैं। मधुर वाणी हमारे अंतस में सूक्ष्म शरीर के विशुद्धि चक्र से अंदर स्वयमेव जागृत होता है। जब हम सहज पद्धति से ध्यान करते हैं तब अन्य कई गुणों के साथ मधुर संवाद का गुण भी हमारे अंदर प्रस्थापित होता है। कुंडलिनी शक्ति का जागरण जो पहले असाध्य था अब सहज योग के माध्यम से सहज है। शुद्ध इच्छा के साथ हाथ फैलाकर बैठना है, बहुत सहजता से कुंडलिनी जागृत होती है, उपर की ओर उठती है और रीढ़ की हड्डी में स्थित हर चक्र को प्रकाशित करती जाती है। जब गले में स्थित विशुद्धि चक्र जागृत होता है हमें मधुर वाणी की सौगात मिलती है।

( 28 अप्रेल, 1991 ) के एक प्रवचन में श्री माताजी ने स्पष्ट करते हुए बताया है कि, आपको कैसे बात करनी चाहिए, आपको कब उठना चाहिए, कब सोना चाहिए, सब कुछ बदल जाएगा यदि आप वास्तव में इस तथ्य से अवगत हो जाते हैं कि आप सर्वशक्तिमान ईश्वर का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो विवेक का स्रोत है। विवेक में आप बहुत सी चीजें सीखेंगे। पहली है सहनशीलता - ÷यह सब ठीक है। हम इसे हल कर लेंगे। यह काम करेगा।

आप सीखेंगे कि वह प्रेम क्या है जो अलग है। आप सीखेंगे कि वह हास्य क्या है जो गुदगुदाता है, लेकिन चोट नहीं पहुँचाता है। आप यह भी सीखेंगे कि अपने व्याख्यानों में क्या कहना है, क्या सुनना है। और सभी चीजों में से, आप यह जानेंगे कि सर्वशक्तिमान ईश्वर के दर्शन को कैसे पूरा किया जाए। सहज योग जो सर्वथा निशुल्क है। अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं

# शहर को सुन्दर और स्वच्छ बनाए रखने की जवाबदारी हर नागरिक की - सिएमओ

**शहडोल .प्रदीप सिंह बघेल**





शहडोल 18 फरवरी 2026- मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती आशा भंडारी ने जमुआ एवं कोटमा स्थित कचरा प्रसंस्करण केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कचरे की अव्यवस्थित स्थिति पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि डंपिंग ग्राउंड पर आधुनिक मशीनों के माध्यम से कचरे की वैज्ञानिक तरीके से छंटाई की समुचित प्रबंधन किया जाए। रेमेडिएशन प्रक्रिया के अंतर्गत प्लास्टिक, धातु एवं अन्य पुनर्चक्रण योग्य सामग्री को अलग कर अधिकृत रिसाइक्लिंग इकाइयों को भेजा जा रहा है, जबकि अनुपयोगी अवशेषों का सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा। सीएमओ ने न्यू बस स्टैंड एवं अमृत 2.0 योजना अंतर्गत पुरानी बस्ती तथा जिला चिकित्सालय के पास निर्माणाधीन पानी टंकी का निरीक्षण कर गुणवत्ता एवं समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नगरवासियों से अपील की है कि वे घरों में गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण अनिवार्य रूप से करें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें, ताकि भविष्य में लेगेसी वेस्ट जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के पुनीत त्रिपाठी, शरद द्विवेदी, मोतीलाल सिंह, अनिल महोबिया एवं हरिओम तोमर उपस्थित रहे।

# लावारिस हालत में तालाब किनारे पड़े मिले आधार कार्ड, बैंक दस्तावेज, पत्रिकाएं और डाक से भेजे जाने वाले अन्य कागजात

**शहडोल .प्रदीप सिंह बघेल**

उमरिया जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 19 स्थित तालाब किनारे लावारिस हालत में बड़ी संख्या में आधार कार्ड, बैंक दस्तावेज, पत्रिकाएं और डाक से भेजे जाने वाले अन्य कागजात लावारिस हालात मिलने के मामले में जांच तेज हो गई है। शहडोल डिवीजन के डाक अधीक्षक महेंद्र सिंह उमरिया पहुंचे। उन्होंने मौके का निरीक्षण करने के साथ कोतवाली थाने पहुंचकर पुलिस द्वारा जब्त दस्तावेजों की समीक्षा की .

## डाक नंबर के आधार पर हो रही जाँच

डाक अधीक्षक महेंद्र सिंह ने मामले में नाराजगी जताते हुए कहा कि डाक सामग्री को इस तरह फेंकना गंभीर लापरवाही है और इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डाक नंबर के आधार पर जांच कराई जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि दस्तावेज किसके द्वारा फेंके गए। दोषी कर्मचारियों की पहचान होते ही सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दोषी कर्मचारी को मिलेगी सजा



उन्होंने यह भी कहा कि जानकारी मिलते ही विभाग ने जांच शुरू कर दी थी और अब स्थानीय स्तर पर भी सभी तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है। कोतवाली में जब्त दस्तावेजों का मिलान कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा जिस कर्मचारी ने ये अपराध किया है उसे सजा जरुर मिलेगी।

## छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती- विशेष संपादकीय



भारत की धरती पर अनेक वीरों ने जन्म लिया, परंतु छत्रपति शिवाजी महाराज जैसा स्वाभिमानी, दूरदर्शी और जननायक इतिहास में विरले ही हुए हैं। 19 फरवरी 1630 को जन्मे शिवाजी महाराज ने उस समय हिंदवी स्वराज्य का स्वप्न देखा, जब देश पर परकीय शक्तियों का वर्चस्व था।

उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अदम्य साहस, संगठन और नीति के बल पर मराठा साम्राज्य की स्थापना की। उनकी गुरिल्ला युद्ध नीति ( गनिमी कावा ) ने शक्तिशाली शत्रुओं को भी परास्त कर दिया। रायगढ़, प्रतापगढ़ और सिंहगढ़ जैसे किले केवल पत्थरों के ढांचे नहीं, बल्कि स्वतंत्रता की अमिट पहचान हैं। शिवाजी महाराज का शासन न्याय, धर्मनिरपेक्षता और स्त्री सम्मान पर आधारित था। उन्होंने सदैव प्रजा को सर्वोपरि माना। महिलाओं के सम्मान की रक्षा उनके शासन का अटल नियम था। उन्होंने सशक्त नौसेना का निर्माण कर समुद्री सीमाओं को सुरक्षित किया, जो उस समय एक क्रांतिकारी पहल थी।

आज के दौर में जब समाज अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब शिवाजी महाराज का जीवन हमें प्रेरणा देता है कि– राष्ट्र सर्वोपरि है

संगठन और अनुशासन ही शक्ति है

साहस और नीति से हर संकट पर विजय पाई जा सकती है

छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि अपने स्वाभिमान और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का दिन है। आइए, हम सब उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न केंद्रों में बच्चों कि उपस्थिति बढ़ाने दी गई समझाइश

**शहडोल .प्रदीप सिंह बघेल**



जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री अखिलेश मिश्रा ने जनपद पंचायत सोहागपुर के सभागार में सोहागपुर परियोजना की पर्यवेक्षकों एवं समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मैदानी अमले के क्षमता संवर्धन हेतु आवश्यक जानकारियां दी गई। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करें। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों में अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों की संख्या बढ़ाने तथा केंद्रों में दी जाने वाली सभी सेवाओं का लाभ बच्चों को दिलाने के निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने कहा कि शहडोल जिले को कुपोषण मुक्त बनाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। गर्भवती एवं धात्री माताओं को पोषण आहार उपलब्ध कराया जाए तथा कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें एनआरसी केंद्रों में भेजने के साथ नियमित फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए। आपने कहा कि गर्भवती माताओं का समय पर पंजीयन अति महत्वपूर्ण है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का दायित्व है कि पंजीकृत गर्भवती माताओं की नियमित जांच तथा समय-समय पर सम्पर्क कर उन्हे दवाओं के सेवन, टीकाकरण तथा पौष्टिक आहार लेने हेतु प्रेरित करें। हाई रिस्क गर्भवती माताओं की नियमित मानीटरिंग की जाए तथा प्रसव के 50 दिन पूर्व से ही संपर्क में रहकर संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराया जाए। गर्भवती माताओं को होम टेक राशन समय पर उपलब्ध हो भी सुनिश्चित किया जाए। सभी आगनवाड़ी केन्द्र समय पर संचालित हों। केन्द्रों में बच्चों को मिलने वाला नास्ता एवं भोजन निर्धारित समयानुसार मीनू के अनुसार वितरित किया जाए। उन्होंने पोषण ट्रैकर एवं एमएमबीएएसके में नियमित प्रविष्टि, आंगनवाड़ी संचालन तथा अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना पर्यवेक्षक एवं समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## नरवाई जलाने पर सख्तीः प्रशासन ने जारी किए कड़े प्रतिबंधात्मक आदेश

**धार .दिलीप पाटीदार**



अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी संजीव केशव पाण्डेय द्वारा नरवाई में आग लगाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, जनसामान्य के हित, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं लोक व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(2) के अंतर्गत धार जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार फसलों की कटाई में उपयोग किए जाने वाले प्रत्येक कंबाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (स्म्स्) अथवा स्ट्रा रीपर में से किसी एक मशीन का उपयोग अनिवार्य रहेगा।

बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर के कंबाईन हार्वेस्टर संचालित किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में जिला परिवहन अधिकारी एवं सहायक कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा निरंतर निगरानी रखी जाएगी। आदेश में उल्लेख है कि खेतों में फसल अवशेष अथवा नरवाई जलाने से मृदा के लाभदायक सूक्ष्म जीव एवं जैविक कार्बन नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है तथा पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कृषकों से अपील की गई है कि वे नरवाई न जलाकर उसका उपयोग मल्चिंग, स्ट्रा रीपर से भूसा निर्माण, पशु आहार अथवा भूसे के विपणन के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने में करें। साथ ही गेहूं की फसल हेतु बिना जुताई किए हैप्पी सीडर/सुपर सीडर से सीधे बोनी करने तथा बेलर, रैकर एवं चॉपर मशीनों के उपयोग को प्रोत्साहित किया गया है। मध्यप्रदेश शासन, पर्यावरण विभाग द्वारा जारी अधिसूचना एवं माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों के अनुपालन में नरवाई जलाने की घटनाओं को प्रतिबंधित किया गया है। उल्लंघन की स्थिति में पर्यावरण क्षति पूर्ति अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा। दो एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों पर ?2500, दो से पांच एकड़ तक भूमि वाले कृषकों पर ?5000 तथा पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषकों पर ?15000 प्रति घटना अर्थदण्ड निर्धारित किया गया है। आदेश के पालन हेतु संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार, थाना प्रभारी, कृषि विभाग के अधिकारी एवं राजस्व अमला अपने-अपने क्षेत्र में कड़ाई से पालन सुनिश्चित करेंगे। आदेश का उल्लंघन किए जाने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## जनहित, ग्रामीण उत्थान, उद्योग और सर्वहारा सशक्तिकरण का बजट, मोहन यादव सरकार ने विकास का नया रोडमैप दिया : दीपक जैन 'टीनू'

**आदित्य शर्मा. इंदौर/भोपाल**



मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट जनकल्याण, सामाजिक न्याय और सर्वहारा वर्ग के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक है। यह बजट गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला और श्रमिक वर्ग के जीवन स्तर को सुधारने का ठोस रोडमैप है। भारतीय जनता पार्टी के सह मीडिया प्रदेश प्रभारी दीपक जैन ÷टीनू÷ बताया कि यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के जनहितैषी संकल्पों को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने किसानों के लिए 3000 करोड़ रुपये खर्च कर 1 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराने का निर्णय प्रदेश के कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। साथ ही मत्स्य उत्पादन, सिंचाई और ग्रामीण सड़क निर्माण जैसे क्षेत्रों में बड़े निवेश से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार मिलेगा। मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना और सड़क मरम्मत के लिए हजारों करोड़ का प्रावधान दूरस्थ क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में 23,747 करोड़ रुपये और आयुष्मान योजना के लिए 2,149 करोड़ रुपये का प्रावधान यह दर्शाता है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी की सरकार गरीब और मध्यम वर्ग के स्वास्थ्य सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। वहीं 7 लाख 95 हजार विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता देने का निर्णय शिक्षा को सामाजिक बदलाव का माध्यम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

दीपक जैन टीनू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के संकल्प से महिला सशक्तिकरण के लिए नारी कल्याण योजनाओं में 1 लाख 27 हजार 555 करोड़ रुपये और लाड़ली बहना योजना के लिए 23 हजार 882 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रदेश की मातृशक्ति के सम्मान और आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगा। जनजातीय क्षेत्रों के विकास, जल जीवन मिशन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़े निवेश से अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का लक्ष्य स्पष्ट दिखाई देता है। दीपक जैन टीनू ने कहा कि उद्योग क्रांति योजना के तहत युवाओं को ऋण उपलब्ध कराना और इंडस्ट्रियल आईटी पार्क विकसित करना प्रदेश में रोजगार सृजन और निवेश को नई गति देगा। वन एवं पर्यावरण, धर्म एवं संस्कृति और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में संतुलित निवेश यह दर्शाता है कि यह बजट समग्र विकास का दस्तावेज है।

दीपक जैन टीनू ने कहा कि भाजपा सरकार का यह बजट सर्वहारा वर्ग, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं और उद्योग के माध्यम से आमजन के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने वाला साबित होगा। यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास÷ के संकल्प को जमीनी स्तर पर लागू करने का मजबूत प्रयास है।

## युवा छात्र नेता शाहरुख पटेल ने सेवा कार्यों के साथ मनाया जन्मदिन

**इंदौर। राजेश धाकड़**



युवा छात्र नेता शाहरुख पटेल ने इस वर्ष अपना जन्मदिन समाजसेवा को समर्पित करते हुए एक अलग ही अंदाज़ में मनाया। जहां आमतौर पर जन्मदिन पार्टियों और जश्न के साथ मनाए जाते हैं, वहीं शाहरुख पटेल ने जरूरतमंदों की सेवा कर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

अपने जन्मदिन के अवसर पर शाहरुख पटेल अपने साथियों के साथ अरविंदो हॉस्पिटल पहुंचे, जहां उन्होंने मित्रों सहित रक्तदान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने भी रक्तदान कर मानवता की सेवा का संकल्प लिया। शाहरुख पटेल ने कहा कि ÷रक्तदान महादान है और इससे बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता। यदि हमारे एक यूनिट रक्त से किसी की जान बचती है, तो यही जन्मदिन का सबसे बड़ा उत्सव है। रक्तदान के पश्चात शाहरुख पटेल और उनके साथियों ने मानव सेवा आश्रम पहुंचकर गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को भोजन करवाया। बच्चों के साथ केक काटकर उन्होंने खुशियां साझा कीं और उन्हें शिक्षा एवं संस्कारों के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उत्साह साफ झलक रहा था। कार्यक्रम में उपस्थित मित्रों एवं समर्थकों ने शाहरुख पटेल के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को इसी तरह समाजहित के कार्यों में आगे आना चाहिए। शाहरुख पटेल ने अंत में कहा कि आगे भी वे सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों को निरंतर जारी रखेंगे और जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।उनके इस सेवा भाव से समाज में सकारात्मक संदेश गया है और युवाओं को समाजसेवा के प्रति प्रेरणा मिली है।

# जनगणना 2027 के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित



**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की उपस्थिति में मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री ज्योति राजोरे, जिला सूचना अधिकारी (एनआईसी), समस्त तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी, नायब तहसीलदार एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी जनगणना ग्रामीण समस्त सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा बताया गया कि जनगणना 2027 में खास बात यह है कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। जनगणना प्रक्रिया में नागरिक स्वयं स्व-गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी भर सकते हैं। जनगणना के दौरान गणक के घर आने पर उन्हें यह जानकारी देनी होगी तब इस जानकारी को डिजिटल संकलित करेंगे। नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्वयं जानकारी स्व-गणना पोर्टल पर भर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान नागरिकों से 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान भवन नंबर, जनगणना मकान नंबर, मकान की दीवार, छत और फर्श में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग और स्थिति की जानकारी ली जाएगी। इसके साथ ही परिवार, परिवार में रहने वाले सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, सामाजिक वर्ग (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य) से संबंधित विवरण दर्ज किया जाएगा। जनगणना के दौरान पेयजल का मुख्य स्रोत, प्रकाश का स्रोत, शौचालय की उपलब्धता और उसका प्रकार, गंदे पानी की निकासी, रसोईघर एवं उसमें प्रयुक्त ईंधन की जानकारी भी ली जाएगी। साथ ही इसके अलावा घर में स्नानघर, एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन, टेलीविजन, रेडियो, इंटरनेट सुविधा, कंप्यूटर, मोबाइल / स्मार्टफोन, साइकिल, स्कूटर, मोटर साइकिल, मोपेड, कार, जीप या वैन जैसी सुविधाओं और वाहनों की जानकारी भी शामिल है। परिवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले मुख्य खाद्यान्न, परिवार में रहने वाले विवाहित दंपतियों की संख्या, परिवार के मुखिया का व्यवसाय तथा मकान के स्वामित्व की स्थिति से जुड़ी जानकारी भी जनगणना में दर्ज की जाएगी। राजपत्र में स्पष्ट किया गया है कि जनगणना अधिनियम 1948 के तहत एकत्र की गई सभी व्यक्तिगत जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रहेंगी और किसी भी न्यायालय, जांच या अन्य प्रयोजन के लिए साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं की जा सकेंगी। जनगणना 2027 में यह समस्त जानकारी डिजिटल माध्यम से मोबाइल एप और पोर्टल के जरिए एकत्र की जाएगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे जनगणना अधिकारियों को सही और पूर्ण जानकारी प्रदान करें, ताकि जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## दीदियां करेंगी परंपरागत बीज संरक्षण, बीज बैंक स्थापना से प्राकृतिक खेती को मिलेगा बढ़ावा



**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल पर विदिशा जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह से जुड़ी दीदियों द्वारा परंपरागत बीज संरक्षण एवं बीज बैंक स्थापना का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

इस उद्देश्य से जिले की 3 बीज सखियों को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण दिलाया गया, जो 9 एवं 10 फरवरी को क्षेत्रीय ग्रामीण विकास संस्थान भोपाल में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में देशभर के अनुभवी विशेषज्ञों ने बीज संरक्षण की तकनीक, महत्व और बीज बैंक स्थापना की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान पद्मश्री बाबूलाल दहिया ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि देशी बीज हमारी कृषि परंपरा की अमूल्य धरोहर हैं और इनका संरक्षण किसानों की आत्मनिर्भरता के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही कर्नाटक की बीज संरक्षण विशेषज्ञ बी.बी. जान तथा डिंडोरी जिले की सुश्री फुलझरिया बाई ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बीज संरक्षण के व्यावहारिक तरीके बताए। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के विशेषज्ञों द्वारा भी तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आजीविका मिशन के अंतर्गत अब जिले में महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा बीज बैंक स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए हितग्राहियों का चयन, प्रशिक्षण और बीज संरक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस पहल से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा, जिससे किसानों की उत्पादन लागत कम होगी और मुनाफा बढ़ेगा। विशेषज्ञों ने बताया कि देशी बीज स्थानीय जलवायु और मिट्टी के अनुकूल होते हैं, जिससे कम पानी, खाद और कीटनाशकों में भी अच्छी पैदावार मिलती है। ये बीज अधिक पौष्टिक, सूखा एवं रोग प्रतिरोधी होते हैं, जिससे खेती अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनती है। बीज बैंक स्थापना से किसानों को हर वर्ष बीज खरीदने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे लागत में कमी आएगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। यह पहल जिले में महिला सशक्तिकरण, प्राकृतिक खेती और आत्मनिर्भर कृषि व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## भाषाएं ही राष्ट्र की नींव को मजबूती प्रदान करती हैं-



**इंदौर।**

अंतर्राष्टीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति एवं भारतीय भाषा संवर्धन समिति द्वारा 22 फरवरी को भारतीय भाषा पर्व मनाया जाएगा,भारत की समस्त भाषाएं हमारी सांस्कृतिक पहचान और अटूट एकता का प्रतीक हैं। उन्होंने जोर देकर कहा,÷राष्ट्र के सर्वांगीण विकास और उसकी संस्कृति को अक्षुण्ण रखने के लिए सभी भारतीय भाषाओं का सशक्त होना अनिवार्य है। भाषाएं ही राष्ट्र की नींव को मजबूती प्रदान करती हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक समृद्ध भाषाई विरासत सौंप सकें, जिसके लिए भाषाओं का संरक्षण और संवर्धन निरंतर आवश्यक है।कार्यक्रम के संयोजक श्री रविंद्र देशपांडे, सह-संयोजक अभय सिंह राठौड़, और अश्विन खरे, ने बताया कि मुख्य आयोजन 22 फरवरी रविवार प्रातः 10ः00 बजे से स्थान फुटबॉल ग्राउंड, नूतन स्कूल, जेल रोड, चिमन बाग पर संपन्न होगा।जिसमें करीब 18 भाषाई समाज जैसे संस्कृत,निमाड़ी, मालवी, भीली, जनजाति,मैथिली भोजपुरी, मलयालम, तेलुगु,कन्नड़, मराठी, पंजाबी,मारवाड़ी ,सिंधी, गुजराती, नेपाली, हिंदी, गढ़वाली सम्मिलित होंगे एवं सभी अपने-अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने के साथ ही पारंपरिक व्यंजनों एवं साहित्य के स्टॉल भी लगाएंगे, कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्र संपर्क प्रमुख श्री प्रवीण जी गुप्त, मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख सचिव (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग) श्री पी. नरहरि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रिटायर्ड मेजर जनरल सरबजीत सिंह देऊसी सम्मिलित होंगे।भारतीय भाषा पर्व का यह आयोजन भाषाई विविधता के उत्सव और स्वभाषा के प्रति गौरव जगाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

## शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय रंगवासा में वार्षिकोत्सव संपन्न



**इंदौर।** आज विद्यालय परिवार द्वारा कक्षा 8 वि की बालिकाओं का को एक रंगारंग कार्यक्रम में विदाई दी गई .कार्यक्रम में श्री मुकेश पारे एवं श्री राकेश दीक्षित द्वारा प्रति वर्षा अनुसार बालिकाओं को कम्पास बॉक्स वितरित किए कार्यक्रम में प्रधान अध्यापक जगन्नाथ परमार, शिक्षक ललित नागपाल, साधना अभ्यंकर,कविता डाबि,सविता सुले, भावना शर्मा, ममता दुबे, हेमलता राठौर,मनीषा सूर्यवंशी उपस्थित रहें.


## कलेक्टर वानखड़े ने जन सुनवाई के दौरान सुनी 110 से अधिक आवेदकों की समस्याएं

**दतिया।** नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आज मंगलवार को न्यू कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 110 से अधिक आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

जन सुनवाई के दौरान बड़ोनकलां निवासी विनोद शर्मा ने आवेदन दिया कि उनके बड़े भाई कमल किशोर शर्मा का निधन 20/11/2024 को हो गया था। उन्होंने ग्राम के सचिव को अपने भाई के मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु दस्तावेज दिए है परंतु आज दिनांक तक उन्हें मृत्यु प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। कलेक्टर ने आवेदन पत्र पर कार्यवाही करते हुए तहसीलदार बड़ौनी को आवेदन निराकरण हेतु सौंपा। भटियारा पुरा दतिया निवासी श्री ध्रुवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने रिवाइज पेंशन आदेश जारी करने संबंधी आवेदन दिया कि संभागीय पेंशन कार्यालय ग्वालियर द्वारा रिवाइज पेंशन संबंधी आदेश दिया था जिसकी एक प्रति जिला शिक्षा अधिकारी दतिया को दी थी परंतु आज दिनांक तक रिवाइज पेंशन का आदेश जारी नहीं हुआ है। कलेक्टर द्वारा आवेदन डीईओ दतिया को आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण हेतु सौंपा। सीताराम अहिरवार से. नि. समिति प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दतिया द्वारा सेवा निवृत्त उपरांत के सभी स्वत्व दिलाये जाने संबंधी आवेदन दिया। कलेक्टर द्वारा आवेदन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दतिया को निराकरण हेतु सौंपा। बड़ौनी निवासी संतोष कोरी पुत्र श्री लल्ला कोरी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किश्त प्रदान किये जाने हेतु आवेदन दिया। कलेक्टर द्वारा सीएमओ बड़ौनी को आवेदन नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु सौंपा।

## नेत्रम संस्था के माध्यम से तीन नेत्रदान, छह जीवन में जगी नई आशा

**रतलाम।**

दुःख की घड़ी को मानवता की प्रेरणा में बदलते हुए तीन परिवारों ने नेत्रदान का निर्णय लेकर समाज के सामने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सेवा और संवेदना की पहचान बन चुकी नेत्रम संस्था के समन्वय से ये तीनों नेत्रदान सफलतापूर्वक संपन्न हुए, जिससे छह नेत्रहीन व्यक्तियों को नई दृष्टि मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ। शास्त्री नगर निवासी श्रीमती पुष्पा देवी चांदवानी के निधन के पश्चात उनके पुत्र सतीश चांदवानी एवं हरीश चांदवानी ने भगवान ढलवानी की प्रेरणा से नेत्रदान का निर्णय लिया। देवरा देव नारायण नगर निवासी जगदीश सिंह बघेल के निधन के बाद उनके पुत्र अभिषेक सिंह बघेल ने परिजनों सहित सुशील मीनु माथुर,डॉ अनील शर्मा, दिनेश शर्मा की प्रेरणा से यह महादान किया। ग्राम नलकुई निवासी ईश्वर लाल पाटीदार (भेसोला वाले) के निधन उपरांत उनके पुत्र राजाराम पाटीदार एवं भरतलाल पाटीदार ने धर्मराज पाटीदार (दाँतोड़ा),,पूनमचंद पाटीदार की प्रेरणा से यह पुण्य कार्य संपन्न किया।

परिजनों की सहमति मिलते ही संस्था द्वारा बड़नगर स्थित गीता भवन न्यास के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जी. एल. ददरवाल को सूचना दी गई और पूरी प्रक्रिया को त्वरित व सम्मानजनक ढंग से पूर्ण किया गया। नेत्रम संस्थाः सेवा, सलाह और सहयोग के लिए 24म7 तत्पर नेत्रम संस्था नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ 24म7 सेवा एवं मार्गदर्शन परिजनों को भावनात्मक सहयोग चिकित्सकीय समन्वय पारदर्शी एवं सम्मानजनक प्रक्रिया के माध्यम से समाज में विश्वास का वातावरण निर्मित कर रही है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रमुख जन नेत्रदान प्रक्रिया के दौरान अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं जागरूक नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से – हेमन्त मूणत, ओमप्रकाश अग्रवाल, शलभ अग्रवाल, सुशील मीनु माथुर, प्रशांत व्यास, भगवान ढलवानी, भगवान गंगवानी, आयुष शर्मा, राजेश शर्मा, योगेंद्रपाल सिंह, रविन्द्रपाल सिंह, पूनमचंद पाटीदार, अमृतलाल पाटीदार, नानूराम पाटीदार, रामेश्वर पाटीदार, मणिलाल पाटीदार सहित अन्य समाजजन शामिल रहे। संस्था द्वारा तीनों परोपकारी परिवारों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके इस मानवीय योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया। नेत्रदान केवल एक निर्णय नहीं, बल्कि किसी के जीवन में स्थायी प्रकाश देने का संकल्प है। आइए, हम भी इस सेवा-यज्ञ से जुड़ें और नेत्रदान को जन-आंदोलन बनाएं।

# जमीनों के जादूगर ने बेची फर्जी जमीन, क्राइम ब्रांच ने किया प्रकरण दर्ज

**इंदौर। पीपीटी**

मौके पर उपलब्ध नहीं जमीन के दस्तावेज तैयार कर उसे बेच दिया। रजिस्ट्री होने के बाद भी जमीन नहीं मिली तो व्यक्ति ने शिकायत की जिसमें जांच के बाद कार्रवाई की जा रही है।

ग्राम विचोली मर्दाना में स्थित खसरे नम्बर 356/2/3, 356/2/5 की जमीन सरदार पिता रामेश्वर से धरोहर इंफ्रास्ट्रक्चर के डायरेक्टर अंशुल मित्तल द्वारा क्रय की गई उक्त भूमि बेचने सम्बंधी सभी अधिकार सरदार पिता रामेश्वर के पास (उनके नाम का पावर था) समस्त लेनदेन उनसे ही किया एवं जमीन उनके पिता रामेश्वर पिता लाल जी के नाम थी जो उन्हें पारिवारिक बंटवारे में आई थी। खरीदी गई जमीन का विवरण निम्नानुसार है-1. 356/2/3/2 रकबा 0.101 हेक्टेयर अंकित पिता दिनेशचन्द्र मित्तल (खरीददार) 2. 356/2/3/1/2 रकबा 0.405 अनन्या बिल्डकान (खरीददार) 3. 356/2/3/1 रकबा 0.396 हेक्टेयर फिल होम (खरीददार) 4. 356/2/3/3 रकबा 0.101 अंकित पिता मुकेश कंसल (अन्य पार्टी) टोटल रकबा 1.003 हेक्टेयर महोदय विक्रेता ?द्वारा 356/2/3 में कुल जमीन 1003 हेक्टेयर बेची गई थी जबकि उनको पारिवारिक बंटवारे में 0.902 हेक्टेयर जमीन ही मिली थी। अतः उन्होने 0.101 हेक्टेयर जमीन ज्यादा बेच दी। जबकि मौके पर जमीन उपलब्ध नहीं है। विक्रेता सरदार द्वारा खसरा नम्बर 356 का पूर्ण बटवारा होने एवं बंटाकन होने एवं रकबा पूरा न होने के बाद भी विक्रेता ?द्वारा तहसील कार्यालयीन कर्मचारीयों के साथ आपसी संगनमत होकर सर्वे न. 356/2/5 रकबा 0.405 हेक्टेयर (1) एकड) उपलिखित कर दिया और उस आधार पर कृषक द्वारा 356/2/5 का विक्रय विलेख आवेदक धरोहर इंफ्रास्ट्रक्बर को रजिस्ट्री क्रमांक 4259 से कर दिया और इस आधार पर भूमि का नामांतरण भी हो गया जबकि वास्तविक रूप से मौके पर कोई भूमि उपलब्ध ही नहीं है। इस सम्बंध में कलेक्टर कार्यालय में एसडीएम को दिये गये आवेदन पर तात्कालीन पटवारी द्वारा अपनी रिपोर्ट में बताया गया कि सर्वे न. 356/2/5 खसरा वर्ष 2002-03 से 2006-07 में दर्ज हुआ है उक्त सर्वे नम्बर का उल्लेख वर्ष 1997-98 से 2001-02 के खसरे में नहीं है। सर्वे न. 356/2/3 में रकबा 0.101 हेक्टेयर जमीन अधिक दर्ज होना व सर्वे न. 356/2/5 रकबा 0.405 हेक्टेयर नया दर्ज होने संबंधित त्रुटि वर्ष 2002-03 से 2006-07 तक खसरा मिसल परिवर्तन होना तथा उक्त सर्वे नम्बर की भूमि वास्तविक रुप से मौके पर नहीं होना स्पष्ट किया है सम्पूर्ण जाँच पर उपलब्ध साक्ष्य फरियादी के कथन, व दस्तावेजी साक्ष्य, जिसमें भूमि की खसरा नकल, तहसीलदार बिचौली हप्सी के पत्र के साथ सलग्न वर्तमान पटवारी ( शैलेन्द्र राजपूत) की रिपोर्ट से अनावेदक सरदार पिता रामेश्वर बमौत्रिया द्वारा अपने पिता से पॉवर लेकर सर्वे नम्बर 356 के बटांकन नम्बर 356/2/3 एवं बटांकन 356/2/5 के रकवे की वास्तविक जानकारी होने के बाद भी राजस्व रिकार्ड के सर्वे न.356/2/3 में रकबा 0.101 हेक्टेयर अधिक व सर्वे न. 356/2/5 रकबा 0.405 हेक्टेयर का नया खसरा इंद्राज कराकर कुटरचित दस्तावेजो के आधार पर आवेदक धरोहर इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. को बेचकर उक्त जमीन की प्रतिफल राशि 65 लाख रुपये का सदौष लाभ प्राप्त कर जमीन की रजिस्ट्री कर आवेदक के साथ घोखाधड़ी की व 356/2/3 में 0.101 हेक्टेयर ज्यादा बिकी एवं 356 / 2/5 का नया खसरा बनकर 0.405 हेक्टेयर जमीन गलत विक्रय हुई। जो मौके पर उपलब्ध ही नहीं है। उक्त रिपोर्ट के आधार पर इंदौर क्राइम ब्रांच ने सरदार पिता रामेश्वर पर 420 , 467 , 468 , सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।

# श्रमिकों के बच्चों का शैक्षणिक उत्थान हमारी प्राथमिकता : मंत्री



**इंदौर।** मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल की 64वीं बैठक मंगलवार को संपन्न हुई, जिसमें श्रमिक परिवारों के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने स्पष्ट किया कि श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन और प्रारंभिक स्तर पर कॅरियर काउंसलिंग उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडल की योजनाओं का लाभ अंतिम श्रमिक तक पहुँचाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए।

बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मंडल का बजट प्रस्तुत किया गया, जिसे सदस्यों ने विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से पारित कर दिया। श्रम सचिव रघुराज राजेन्द्रन ने जानकारी दी कि मंडल की कार्यप्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए एमपीएसईडीसी के माध्यम से संपूर्ण कंप्यूटरीकरण किया जा रहा है। साथ ही, नवीन श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संभागीय स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। मंत्री पटेल ने लंबित वेतनमान प्रकरणों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि देरी से कर्मचारियों की कार्यकुशलता प्रभावित होती है। उन्होंने सभी लंबित मामलों की सूची बनाकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही, सामाजिक सुरक्षा अंशदान जमा न करने वाले प्रिंसिपल एम्प्लॉयर की जानकारी पोर्टल पर सार्वजनिक करने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा, ताकि ईपीएफ से जुड़ी समस्याओं का स्थाई समाधान हो सके। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 27 श्रम कल्याण केंद्रों में से 17 में वर्तमान में सिलाई-कढ़ाई केंद्र सक्रिय हैं। चचाई और इंदौर में इन केंद्रों को पुनः बड़े स्तर पर प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, श्रमिकों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल प्रतियोगिताओं की समयावधि बढ़ाने का प्रस्ताव भी रखा गया।

# राजवाड़ा में ट्रैफिक सुधार पर व्यापारियों की सहमति बोले- नियम तोड़ें तो करें कार्रवाई

**इंदौर।** राजवाड़ा और उसके आसपास के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए पुलिस और व्यापारियों के बीच अहम सहमति बनी है। डीसीपी (यातायात) राजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में सराफा, कपड़ा मार्केट, जवाहर मार्ग और एमजी रोड सहित विभिन्न बाजारों के प्रतिनिधि शामिल हुए। व्यापारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए जो भी नियमों का उल्लंघन करे, पुलिस उस पर सख्त कार्रवाई करे, व्यापारी वर्ग प्रशासन का पूरा सहयोग करेगा।

निरीक्षण के जरिए व्यवस्था सुधारी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर व्हील लॉक लगाने की कार्रवाई शुरू होगी। वर्तमान में क्रेन के माध्यम से रॉन्ग साइड और बाधक वाहनों को हटाया जा रहा है। अधिकारियों ने दुकानदारों से अपील की कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग में ही खड़ा करें और दुकानों के बाहर की सफेद पट्टी केवल ग्राहकों के लिए आरक्षित रखें। ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर मिलने वाली शिकायतों पर अब तत्काल कार्रवाई की जा रही है। बैठक में मौजूद संगठनों ने माना कि पिछले सात दिनों में शुरू हुई इस मुहिम से सकारात्मक बदलाव आया है। इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन सहित अन्य संगठनों ने भरोसा दिलाया कि वे अपने स्तर पर भी व्यापारियों को जागरूक करेंगे। डीसीपी ने कहा कि ट्रैफिक सुधार तभी संभव है, जब व्यापारी स्वयं अनुशासन का पालन करेंगे। बैठक में नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर अभय राजनगॉवकर, , एसीपी सुप्रिया सहित सराफा, कपड़ा और राजवाड़ा मार्केट के प्रतिनिधि अक्षय जैन, हुकुम सोनी, कैलाश मूंगड़, अविनाश शास्त्री सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। बैठक के अंत में तय किया गया कि पिछले निर्णयों और जमीनी सुधार की स्थिति को परखने के लिए अगले 15 दिनों के भीतर पुनः संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

# क्राइम कंट्रोल पर कमिश्नर की क्लास बदमाशों पर ड्रोन से रखी जाएगी नजर



**इंदौर।** शहर में अपराधों पर नियंत्रण और पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने नगरीय पुलिस के सुपरविजन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। पलासिया स्थित सभागार में आयोजित इस बैठक में एडीशनल डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा की गई। कमिश्नर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में कोई ढिलाई न बरती जाए।

कमिश्नर ने शहर के चिन्हित आपराधिक हॉटस्पॉट और शैडो एरिया पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। अब इन क्षेत्रों में परंपरागत गश्त के साथ-साथ ड्रोन पेट्रोलिंग के जरिए भी अवैधानिक गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। साथ ही, रात्रि में सघन चेकिंग अभियान चलाने और वरिष्ठ अधिकारियों को स्वयं फील्ड में उतरकर ब्रीफिंग व मॉनिटरिंग करने को कहा गया है। आगामी त्योहारों को देखते हुए सक्रिय बदमाशों और पुराने अपराधियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। आमजन की सुविधा और यातायात को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए गए हैं कि शहर में होने वाले जुलूस, रैली या किसी भी बड़े आयोजन के लिए आयोजकों द्वारा विधिवत अनुमति लेना अनिवार्य होगा। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि अनुमति के दौरान दी गई शर्तों का शत-प्रतिशत पालन हो। इसके साथ ही ई-साक्ष्य, ई-विवेचना और ई-समंस जैसी तकनीकी कार्यवाही को और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया है। बैठक में सामुदायिक पुलिसिंग को व्यापक बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कमिश्नर ने कहा कि मोहल्ला समितियों के साथ नियमित बैठकें कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। नागरिकों को जनभागीदारी के माध्यम से अपने क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित करने का लक्ष्य भी रखा गया है। बैठक में अति. पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) अमित सिंह, अति. पुलिस आयुक्त (अपराध) आर.के. सिंह सहित सभी जोन के डीसीपी व एसीपी मौजूद रहे।

# कत्ल का पर्दाफाश करने वाली टीम सहित 13 पुरस्कृत, पुलिस कमिश्नर ने किया सम्मान



**इंदौर।** इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के उत्साहवर्धन हेतु आयोजित साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम में मंगलवार को 13 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। पलासिया स्थित कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने सराहनीय सेवा देने वाले इन जवानों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अप./मुख्या.) आर. के. सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पुरस्कृत कर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।

पुरस्कार पाने वालों में बाणगंगा थाने के 10 पुलिसकर्मी प्रमुख रहे, जिन्होंने एक अंधे कत्ल का सफल पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुँचाया। इस टीम ने न केवल आरोपियों को गिरफ्तार किया, बल्कि वारदात में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किए। सम्मानित होने वालों में उप-निरीक्षक संजय धुर्वे, शुभम पाण्डे, प्रधान आरक्षक कमलेश चावडा, चरणसिंह और आरक्षक सुखवेन्द्र, प्रमोद मावई, धर्मेन्द्र ओझा, नागेंद्र सिंह, रामकुमार त्यागी व जितेंद्र गोयल शामिल हैं। अपराध नियंत्रण के अलावा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में मुस्तैदी दिखाने वाले तीन जवानों को भी पुरस्कृत किया गया। इसमें यशवंत रोड चौराहे पर बेहतर प्रबंधन के लिए महिला आरक्षक रानू, सड़क सुरक्षा माह में उत्कृष्ट कार्य के लिए आरक्षक सुमंत सिंह कछावा और बिचोली अंडर ब्रिज नो-एंट्री पॉइंट पर तैनात आरक्षक प्रदीप मनिहां को उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पत्र दिए गए। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि हर सप्ताह होने वाले इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन जवानों को पहचान देना है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी बेहतरीन पुलिसिंग का उदाहरण पेश करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह के सम्मान से अन्य पुलिसकर्मी भी अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक समर्पित होंगे। अधिकारियों ने पुरस्कृत कर्मियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह टीम भावना और तत्परता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# आखिर एआई, जियो पॉलिटिक्स को कैसे बदल रहा है?

> “इसलिए भविष्य के प्रभाव भी स्पष्ट हैं। निकट भविष्य में AI राष्ट्रों की ताकत का निर्धारक बनेगा जिसमें राष्ट्रीय AI द्वीप बनेंगे और वैश्विक सहयोग कम हो सकता है। यही वजह है कि भारत 'AI for All' विजन से गरीब-अमीर देशों तक पहुंच बढ़ा रहा है, जो जियोपॉलिटिकल स्थिरता ला सकता है।”



[illegible]

■ कमलेश पांडेय

# न संघर्ष थमेगा न होगा हसीना का प्रत्यर्पण



[illegible]

■ उमेश चतुर्वेदी

## मोबाइल फोबिया: मानसिक बीमारियों का बढ़ता खतरा

[illegible]

■ डॉ. रमेश ठाकुर

AI का महाकुंभ: बच्चों व समाज की सुरक्षा के लिए उठाए जाएंगे कदम, उद्योग जगत से बातचीत जारी

# 'डीपफेक' से निपटने के लिए और कड़े नियमों की जरूरत: वैष्णव






## संसद में बनानी होगी सहमति

### क्या है डीपफेक

### समिट में शामिल होना या न होना व्यक्तिगत पसंद

### पहले दिन हुई अव्यवस्था के लिए माफी मांगी

### भारी भीड़ के कारण हुई थी परेशानी

अत्याधुनिक AI डेटा सेंटर का होगा विकास

## अदानी समूह 100 अरब डॉलर का करेगा निवेश




### पांच स्तरीय एआई ढांचे का विस्तार

### AI से विकसित राष्ट्र बनेगा भारत: प्रधान





### स्वास्थ्य क्षेत्र में AI के इस्तेमाल में नैतिकता महत्वपूर्ण: जितेंद्र सिंह





### अभिनेता राजपाल यादव तिहाड़ जेल से रिहा

### ईडी के सामने फिर पेश नहीं हुईं टीना अंबानी

सरकार की घरेलू AI इकोसिस्टम विकसित करने की व्यापक रणनीति

# भारत के लिए एआई सामाजिक बदलाव का जरिया: पीएम मोदी



### तकनीक का उपभोक्ता नहीं, निर्माता बने भारत

### यह भी बोले PM मोदी

### अगला चरण डिजाइन, अनुसंधान व विकास पर केंद्रित हो

### भारत समावेशी AI के लिए प्रतिबद्ध

### भारतीय प्रतिभा की असाधारण क्षमता का प्रदर्शन

जज बोले-जोड़े जा रहे हैं फर्जी उद्धरण

## AI से याचिका तैयार करने पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता



### मसौदा तैयार करने की कला में गिरावट पर जताया दुःख

# थाना चंदन नगर का भूमाफिया फारूख उर्फ लम्बु पुलिस की गिरफ्त में

**इंदौर.आदित्य शर्मा**



थाना चंदन नगर क्षेत्र का भूमाफिया आरोपी मो. फारूख उर्फ लम्बु पिता नूर मोहम्मद निवासी 153/03 चंदू वाला रोड चंदन नगर इन्दौर द्वारा कई भोले भाले गरिब लोगो से प्लॉट देने के लालच में उनकी जीवन भर की जमा पूँजी हडप ली और आमजन की कमाई से अपने महंगे शौक पूरे कर रहा था। इसी अनुक्रम में दिनांक 13.01.2026 को फरियादी मुदस्सर नागौरी पिता मुस्तकीम निवासी 300 बी चंदन नगर की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 68/26 धारा-316 (2), 318(4) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध किया गया था, जिसके पश्चात् से ही आरोपी लगातार फरार चल रहा था, जिसे दिनांक 17.02.2026 को थाना-चंदन नगर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तारी की सूचना मिलने पर आरोपी से प्रताडित पीडिता साईना बी भी आरोपी के विरूद्ध शिकायत आवेदन पत्र लेकर थाना उपस्थित आई आवेदिका की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा-316(5), 318(4) का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, उक्त आरोपी का पुलिस रिमाण्ड लेकर विस्तृत पूँछताछ की जा रही है। प्रकरण में आरोपी से पूछताछ करने तथा पतारसी करने पर कई सैकड़ों पीड़ितों के ओर भी मामले सामने आये हैं। मुख्य बात आरोपी भूमाफिया के खिलाफ पूर्व से 06 अपराध पंजीबद्ध हो कर अनुसंधान में है जिसमें 04 प्रकरण प्लाटों को लेकर धोखाधड़ी कुटरचित दस्तावेजों को लेकर है।

## जन भागीदारी समिति अध्यक्ष संतोष मारू द्वारा होने वाले हादसे से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया

**देपालपुर**

देपालपुर में रिहायशी क्षेत्र में संचालित पटाखा फैक्ट्री को लेकर शिकायत, कार्रवाई की मांग देपालपुर नगर के रिहायशी क्षेत्र में संचालित पटाखा फैक्ट्री व गोदाम को हटाने की मांग को लेकर प्रशासन को आवेदन सौंपा गया है। शिकायतकर्ता संतोष मालवीय, निवासी देपालपुर, जिला इंदौर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय इंदौर में आवेदन देकर मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि उक्त पटाखा फैक्ट्री नगर के आवासीय क्षेत्र में स्थित है, जिसके आसपास स्कूल, कॉलेज, विद्युत मंडल की 11 केवी लाइन, एमपीईबी ग्रिड (लगभग 200 मीटर दूरी पर), मंदिर, हाई स्कूल तथा शिलावट महाविद्यालय (जहां करीब 1800 छात्र अध्ययनरत हैं) मौजूद हैं। साथ ही आदिवासी छात्रों का हॉस्टल भी इसी क्षेत्र में स्थित है। ऐसे में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से जनहानि की आशंका बनी हुई है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि फैक्ट्री को हटाने के संबंध में पूर्व में कई बार आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आरोप है कि संबंधित फैक्ट्री संचालक द्वारा घनी आबादी वाले क्षेत्र में पटाखों का गोदाम भी संचालित किया जा रहा है, जहां मंदिर, स्कूल और अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान निकट में हैं। आवेदन में हाल ही में अन्य स्थान पर हुई पटाखा फैक्ट्री दुर्घटना का हवाला देते हुए आशंका जताई गई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो देपालपुर में भी गंभीर हादसा हो सकता है। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए रिहायशी क्षेत्र से पटाखा फैक्ट्री व गोदाम को शीघ्र हटाने की कार्रवाई की जाए।



## सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, कार्यकर्ता और सहायिका की नौकरी दिलाने के नाम लाखों वसूले

**शहडोल प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल। जिले के जयसिंहनगर से बेरोजगारी का फायदा उठाकर नौकरी के नाम पर ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता और सहायिका की नौकरी दिलाने का झांसा देकर महिला से करीब डेढ़ लाख रुपए की ठगी कर ली गई। आरोपियों ने विभाग में पहुंच होने का दावा करते हुए न सिर्फ किस्तों में रकम वसूली, बल्कि कलेक्ट्रेट कार्यालय बुलाकर फर्जी नियुक्ति पत्र तक थमा दिया। जब पीड़ित महिला जॉइनिंग के लिए पंचायत पहुंची तो पूरा खेल सामने आ गया। फिलहाल पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने एक बार फिर बेरोजगारी के नाम पर चल रहे ठगी के खेल को उजागर कर दिया है।



दरअसल, ग्राम धिरियाटोला निवासी साधना पटेल ने अपनी सहेली मायावती सिंह गोंड के साथ मिलकर आंगनबाड़ी में नौकरी के लिए संपर्क किया था। इस दौरान उनकी मुलाकात समावित द्विवेदी और अनुराग द्विवेदी नामक व्यक्तियों से हुई। जिन्होंने महिला बाल विकास विभाग में अपनी पहुंच होने का दावा करते हुए नौकरी लगवाने के नाम पर पहले 10 हजार, फिर 50 हजार और बाद में ट्रेनिंग व जॉइनिंग के नाम पर किस्तों में कुल 1 लाख 49 हजार 704 रुपए ले लिए।

### फर्जी नियुक्ति पत्र भी बनवाया

इतना ही नहीं, आरोपियों ने दोनों महिलाओं को शहडोल कलेक्ट्रेट कार्यालय बुलाकर जनपद पंचायत जयसिंहनगर का फर्जी नियुक्ति आदेश पत्र भी थमा दिया और पंचायत में जॉइनिंग के लिए भेज दिया। जब पीड़ित महिलाएं ग्राम पंचायत पहुंची तो वहां पहले से ही पद भरे होने की जानकारी मिली, जिससे पूरे मामले का खुलासा हुआ। ठगी का एहसास होने पर जब महिलाओं ने आरोपियों से संपर्क किया तो उन्होंने पैसे लौटाने का आश्वासन देते हुए लगभग 6 माह का समय मांगा। लेकिन आज तक न तो पैसा वापस मिला और न ही कोई नौकरी।

### थाना प्रभारी ने कहा

थाना प्रभारी अजय बैगा ने जानकारी देते हुए बताया कि आंगनबाड़ी में नौकरी दिलाने के नाम पर एक महिला से करीब डेढ़ लाख रुपए की ठगी की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## मकान में विवाद में चाकूबाजी

**इंदौर।** पलासिया क्षेत्र में मकान विवाद को लेकर हुए आपसी विवाद में एक परिवार में दो पक्षों के बीच चाकूबाजी और लात घूसे चल गए। एक दूसरे से हमले में दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज किया है। थाना पलासिया पुलिस के मुताबिक विवाद और हमले की घटना विनोबा नगर में हुई। चाकूबाजी में घायल युवक का नाम दीपक पिता विष्णु बौरासी है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी रजत पिता राजकुमार कैथवास निवासी विनोगा नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मकान को लेकर चल रहे विवाद में मेरे मामा का लड़का रजत मुझे गालियां दे रहा था। वह कहने लगा कि घर से निकल जाओ नहीं तो तुझे हम जिंदा नहीं छोड़ेंगे। तुम लोगों को तो इस घर से निकालना ही पड़ेगा। हमने विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी। मुझे जमीन पर पटक दिया और चाकू से वार कर घायल कर दिया। चाकू कंधे में लगने से चोट आकर खून निकलने लगा। उधर दूसरे पक्ष से पुलिस ने फरियादी रजत कैथवास की रिपोर्ट पर आरोपी दीपक पिता विष्णु बौरासी के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं और मां नंदा घर पर थे तभी मेरी बुआ और मेरी मां की आपस में कहासुनी हुई। घर से निकल जाने को लेकर विवाद हो रहा था तभी आरोपी दीपक आया और मुझे गालियां देने लगा।

## कैमरा और बैग चोरी

**इंदौर।** कनाडिया़ क्षेत्र में एक शादी समारोह में अज्ञात आरोपी फोटोग्राफर का कैमरा और अन्य कीमती सामान से भरा बैग ले उड़े। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। थाना कनाडिया़ पुलिस के मुताबिक चोरी की वारदात बिचौली मर्दाना स्थित पटेल धर्मशाला में हुई। पुलिस ने फरियादी विशाल पिता करतार यादव निवासी गुना की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं पटेल धर्मशाला में आयोजित एक शादी कार्यक्रम में आया था। अपना बैग एक स्थान पर रखकर काम में व्यस्त था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने बैग चुरा लिया। बैग में महंगे तीन कैमरे, लैंस, चार्जर, दो एक्सट्रा बैटरी, कपड़े आदि रखे थे। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी के फुटेज देखे जा रहे हैं।

## बैतूल जाने का बोलकर ले गया कार, बाद में रख दी गिरवी

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में कार धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी कार मालिक के दोस्त का दोस्त था, जिसे भरोसे में लेकर कार दी गई थी, लेकिन दो महीने बाद भी कार वापस नहीं मिली तो पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार आरोपी को जल्द गिर तार कर लिया जाएगा. पुलिस के मुताबिक कृष्णबाग कॉलोनी निवासी करण पुत्र नानूराम सोहानी की शिकायत पर अभिनव पुत्र श्रीकांत वर्मा निवासी बैतूल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। करण ने बताया कि उसका दोस्त नवीन रामचंदानी है और अभिनव उसके साथ रहता था। शिकायत के अनुसार 11 दिसंबर 2025 को अभिनव ने दो दिन के लिए अर्जेंट बैतूल जाने की बात कहकर कार मांगी। नवीन की सिफारिश पर करण ने उसे कार दे दी। तीन दिन बाद जब करण ने कार वापस मांगी तो आरोपी ने काम का बहाना बनाकर कुछ दिन और रुकने की बात कही। समय बीतने के बाद आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। जब कार के बारे में जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि उसने कार किसी अन्य व्यक्ति के पास गिरवी रख दी है। परेशान होकर करण ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की, जिसके बाद मंगलवार को एफआईआर दर्ज कर ली गई।

## युवक की कमर में घोंपा चाकू, हालत गंभीर

**इंदौर।** जूनी इंदौर क्षेत्र में दोस्तों के बीच हुए विवाद में आरोपियों ने एक युवक को घेर लिया और चाकू से वारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक को कमर में चाकू लगा। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया. हमले के बाद आरोपी मौके से भाग गए। थाना जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक घायल युवक का नाम मोह मद हुसैन पिता आरिफ निवासी गुलजार कालोनी है। बताया गया कि फरियादी का उसके दोस्त बिलाल, जिहान और आमिल के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। पहले दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस और गाली गलौज हुई और फिर मारपीट में बदल गई। मारपीट के दौरान आरोपियों में एक ने अचानक चाकू निकाला और मोह मद हुसैन पर वार कर दिया। चाकू सीधे उसकी कमर में लगा जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर गया।

# प्रेमी विवाह रचाने वाली युवती ने की आत्महत्या

**इंदौर।**

राऊ इलाके में युवती ने अपना परिवार छोड़कर जिस युवक से प्रेम विवाह कर जीवन साथी बनाया था शादी के बाद उसने ऐसा प्रताड़ित किया कि युवती ने एसिड पीकर जान दे दी। शादी के बाद आरोपी ने शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ना दी। वो कहता था कि 50 हजार रूपए ले और मुझे तलाक दे दे। इसी से दुखी होकर नवविवाहिता ने खुदकुशी कर ली। पुलिस ने जांच के बाद पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। थाना राऊ पुलिस के मुताबिक घटना संजय नगर राऊ की है। यहां रहने वाली 24 वर्षीय लक्ष्मी पति अंतिम रेडवाल ने एसिड पी लिया था उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया था। डाक्टरों ने उसकी जान बचाने की कोशिश की मगर 24 जनवरी 2026 को उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम किया था। नवविवाहिता का मामला होने से जांच एसीपी निधि संक्सेना ने की। जांच के दौरान पोस्टमार्टम रिपोर्ट मृतका के परिजन और अन्य लोगों के कथन और अन्य बिंदुओं पर पड़ताल की गई। एसीपी सक्सेना के मुताबिक मर्ग जांच के बाद पुलिस ने मृतका के पति अंतिम पिता भागीरथ रेडवाल निवासी ओम साईनाथ कालोनी संजय नगर राऊ के खिलाफ प्रताडना और आत्महत्या के लिए दुषप्रेरित ककरने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। जांच में पाया गया कि युवती लक्ष्मी ने आरोपी अंतिम से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद आरोपी पति लक्ष्मी को उसके परिजन से बात नहीं करने देता था। आरोपी मारपीट करने लगा था और पत्नी को तलाक की धमकी देता था और कहता था कि पचास हजार रूपए ले और मुझे तलाक दे दे। इसी प्रताडना से तंग होकर लक्ष्मी ने घटना दिनांक को एसिड पी लिया जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यू हो गई। उधर क्षिप्रा क्षेत्र के ग्राम मंडलावदा में ससुराल पक्ष की प्रताडना से परेशान महिला ने जहर खा लिया उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक फरियादी पूनम बाई की शिकायत पर आरोपी सास मानकुवंरबाई, ससुर प्रेमसिंह और पति राजेंद्र सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक पूनम बाई के जहर सेवन करने से हालत बिगडने पर परिजन ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया और सूचना पुलिस को दी थी। प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।